दिनांक : 14 .05.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- भारतीय रक्षा कंपनियों के शेयर में 9 प्रतिशत की तेजी।
- सेमीकंडक्टर नवाचार में भारत का प्रभाव बढ़ेगा। कहा केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने।
- मुख्यमंत्री ने कहा-प्रदेश में प्रायवेट को पीछे छोड़ेंगे सरकारी स्कूल।
- सेफ अंडर-19 फुटबॉल चैम्पियनशिप में भारत ने नेपाल को हराया।

रक्षा शेयर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेड इन इंडिया रक्षा उपकरणों पर बल दिए जाने के बाद आज के कारोबारी सत्र में भारतीय रक्षा कम्पनियों के शेयरों में नौ प्रतिशत तक की तेजी आई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार भारत डायनेमिक्स, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स, केनेस टेक्नोलॉजी, कोचीन शिपयार्ड, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स, अवंतेल, पारस डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलॉजी, एस्ट्रा माइक्रो, डेटा पैटर्न और कई अन्य कम्पनियों के शेयरों में ऊछाल आया है।

उधर, चीन की रक्षा कम्पनियों के शेयरों में आज 9 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। चीन की एवीआईसी चेंगदू एयरक्राफ्ट कंपनी, चाइना स्टेट शिपबिल्डिंग कॉरपोरेशन, झूझोउ होंगडा सहित कई कंपनियों के शेयरों में गिरावट आई है।

वैष्णव-सेमीकंडक्टर

केंद्रीय इलैक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल नोएडा और बेंगलुरू में अत्याधुनिक सेमीकंडक्टर डिजाइनिंग केंद्र का उद्घाटन किया। नए केंद्र की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि ये केंद्र अत्याधुनिक थ्री-नैनोमीटर चिप डिजाइन के लिए भारत में पहले केंद्र होंगे। इससे  वैश्विक सेमीकंडक्टर नवाचार में भारत मजबूती से स्थापित होगा।

भारत में लगातार विकसित हो रही सेमीकंडक्टर अनुकूल व्यवस्था पर जोर देते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि उत्तर प्रदेश के नोएडा में इस प्रमुख डिजाइन केंद्र का उद्घाटन सेमीकंडक्टर प्रणाली में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे देश में उपलब्ध प्रतिभाओं के सदुपयोग का अवसर मिलेगा।

श्री वैष्णव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप देश में व्यापक सेमीकंडक्टर प्रणाली स्थापित हो रही है। उन्होंने कहा कि भारत में पहली बार उन्नत थ्री-नैनो मीटर चिप्स डिजाइन करने की क्षमता इस केंद्र की प्रमुख विशेषता है।

श्री वैष्णव ने इंजीनियरिंग विद्यार्थियों में हार्डवेयर कौशल विकसित करने के उद्देश्य से नए सेमीकंडक्टर लर्निंग किट की शुरूआत की भी घोषणा की।

प्रधानमंत्री- टीबी बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम पर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में वर्ष 2024 में तपेदिक के रोगियों की शीघ्र पहचान और उपचार में हुई प्रगति की सराहना की। उन्होंने देश से तपेदिक को खत्म करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

प्रधानमंत्री ने हाल ही में संपन्न 100 दिन तक चलाए गए तपेदिक मुक्त भारत अभियान की समीक्षा की। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने शहरी या ग्रामीण क्षेत्रों और उनके व्यवसायों के आधार पर तपेदिक के रोगियों का पता लगाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इससे उन समूहों की पहचान करने में मदद मिलेगी जिन्हें शुरुआती जांच और उपचार की आवश्यकता है। उन्होंने इसके लिए विशेष रूप से निर्माण, खनन, कपड़ा मिलों और इसी तरह के क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों पर ध्यान दिए जाने की बात कही। प्रधानमंत्री ने तपेदिक उन्मूलन के लिए जनभागीदारी के माध्यम से स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रत्येक रोगी तक उपचार की सुविधा पहुंचाना सुनिश्चित किये जाने पर भी जोर दिया।

सांदीपनी विद्यालय-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सांदीपनी विद्यालय प्रदेश में शिक्षा के आदर्श केंद्र बनकर उभर रहे हैं। इनसे शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में पहली बार शासकीय स्कूलों में प्रायवेट की तर्ज पर खेल-कूद और सांस्कृतिक गतिविधियां संचालित होंगी। सरकारी स्कूल भी प्रायवेट को पीछे छोड़ेंगे। इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं की मेरिट में आए 70 प्रतिशत बच्चे सरकारी स्कूलों से पढ़ाई करने वाले रहे हैं। राज्य सरकार सभी विद्यार्थियों की बेहतर शिक्षा के लिए सभी सुविधाएं दे रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को जबलपुर के बरगी हिल्स में सांदीपनी विद्यालय के भूमि-पूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ......

गौरतलब है कि सांदीपनी विद्यालय का निर्माण 27 करोड़ 84 लाख की लागत से 11 एकड़ क्षेत्र में किया जाएगा। सर्व सुविधायुक्त विद्यालय में 1 हजार 960 विद्यार्थी एक साथ शिक्षा ग्रहण करेंगे।

आयुर्वेद दिवस

केन्द्र सरकार ने 23 सितम्बर को आधिकारिक रूप से आयुर्वेद दिवस घोषित किया है। आयुष मंत्रालय ने बताया कि गजट अधिसूचना के जरिये यह बदलाव अधिसूचित कर दिया गया है। पहले आयुर्वेद दिवस धनतेरस के दिन मनाया जाता था। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि अगले दशक में धनतेरस 15 अक्तूबर और 12 नवम्बर के बीच अलग अलग तिथियों पर पड़ेगा जिससे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयुर्वेद दिवस के आयोजनों में बाधा आयेगी।

गौरतलब है कि आयुर्वेद को वैज्ञानिक, साक्ष्य आधारित और प्रभावी चिकित्सा प्रणाली के रूप में बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक वर्ष आयुर्वेद दिवस मनाया जाता है।

आयुष मंत्रालय ने नागरिकों, स्वास्थ्य कर्मियों, शिक्षण संस्थानों और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों से नई तिथि अपनाने और प्रत्येक वर्ष 23 सितम्बर को आयुर्वेद दिवस आयोजनों में सक्रियता से भाग लेने का आग्रह किया।

नेपाल-सागरमाथा संवाद

नेपाल अपना प्रमुख संवाद मंच, सागरमाथा संवाद आगामी 16 से 18 मई तक काठमांडू में आयोजित करेगा। इसमें 12 देशों के 145 उच्च-स्तरीय शीर्ष प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस महत्वपूर्ण आयोजन में समकालीन मुद्दों पर वैश्विक, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय चर्चा होगी। सागरमाथा संवाद सचिवालय के अनुसार इस आयोजन मे भारत से पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और चीन की नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों में शामिल हैं।

मुख्यमंत्री-बेंगलुरू दौरा

प्रदेश में औद्योगिक निवेश को नई ऊंचाई देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज बेंगलुरु में सीइन्वेस्ट इन एमपीसी सत्र में शामिल होंगे। वे वहां भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड परिसर का भ्रमण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, 'इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज़ इन मध्यप्रदेश' विषय पर आयोजित इन्टरैक्टिव सेशन को संबोधित कर राज्य की औद्योगिक क्षमताओं और नीतिगत प्रतिबद्धताओं को देश के अग्रणी निवेशकों के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मेट्रो कोच लोकार्पण और टेस्ट राइड में सम्मिलित होंगे। इसके उपरांत वे इंटीग्रेटेड डिज़ाइन सेंटर का भ्रमण करेंगे और भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड के भोपाल संयंत्र पर प्रस्तुति देखेंगे।

फुटबॉल / बैडमिंटन

सैफ अंडर-19 फुटबॉल चैम्पियनशिप में, मेज़बान भारत ने कल अरुणाचल प्रदेश के युपिया में नेपाल को चार-शून्य से हराते हुए ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। 16 मई को सेमीफाइनल में, भारत का सामना ग्रुप-ए के उपविजेता मालदीव से होगा, जबकि ग्रुप-ए के विजेता बांग्लादेश का सामना नेपाल से होगा।

उधर, बैंकॉक में आज थाइलैंड ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता में भारत के लक्ष्य सेन, प्रियांशु राजावत, उन्नति हूडा, मालविका बनसोड और महिला युगल की गायत्री गोपीचंद और त्रिशा जौली की जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

खेलो इण्डिया

खेलो इण्डिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन बिहार में 4 से 15 मई 2025 तक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के खिलाड़ी खेल का शानदार प्रदर्शन कर रहें है। प्रतियेगिता में मध्यप्रदेश 9 स्वर्ण, 6 रजत और 11 कांस्य सहित कुल 26 पदक के साथ सातवें स्थान पर है।

उधर, मुम्बई में वाय. ए. आई. यूथ नेशनल्स 2025 का आयोजन 3 से 10 मई 2025 तक किया गया। इस प्रतियोगिता में म.प्र. सेलिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर 3 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य सहित कुल 9 पदक अर्जित कर देश की नम्बर -1 सेंलिंग टीम बन गई है, जो कि देश और प्रदेश के लिए बडी उपलब्धि है।

समाचार संक्षेप में .....

- अरब सागर से आ रही नम हवाओं के कारण प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों में प्रदेश के 16 जिलों में आंधी के साथ बारिश की संभावना है।
- डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड कार्यालय धार में पूर्व में चयनित 40 सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स को नागरिक सुरक्षा से संबंधित विशेष प्रशिक्षण दिया गया।
- आगरमालवा जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने लक्ष्य के विरुद्ध कम प्रगति के चलते दो कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।
- अशोकनगर जिला कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में सिविल डिफेंस" का प्रशिक्षण तहसील ईसागढ़ के अंबेडकर भवन में कल आयोजित किया गया।

-------